Affiliated To : Federation of Jharkhand Chamber of Commerce & Industries, Ranchi
Regtn. No. (SRA - 1860) : 708/2009-10 (Govt. of Jharkhand)

संताल परगना चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इण्डस्ट्रीज, देवघर
SANTAL PARGANA CHAMBER OF COMMERCE & INDUSTRIES, DEOGHAR

spccideoghar.2021@gmail.com | www.spccideoghar.in

PRESIDENT
ALOK KR. MALLICK
9934503132 | 8409386865

GENERAL SECRETARY
PRAMOD CHHAWCHHARIA
8709873483 | 9431132221

पत्रांक : SPCCI- 38/2021-23 दिनांक : 17.06.2022

सेवा में,
माननीय सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखण्ड
–सह– एमडी, जेबीवीएनएल, रांची।

देवघर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था की लगातार गिरती स्थिति तथा हाई टेंशन उपभोक्ताओं की समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए चिंतित देवघर के स्थानीय व्यवसायियों के साथ बैठक करने के लिए अनेक साधुवाद। कृपया निम्न बिन्दुओं पर विभागीय समीक्षा एवं समाधान पर चेम्बर के साथ चर्चा कर उचित निर्णय लेने की कृपा की जाय।

मुख्य एजेंडा

1. देवघर को गिरिडीह एरिया से अलग कर देवघर एक नया विद्युत एरिया बोर्ड बनाया जाय अथवा गिरिडीह की जगह देवघर को एरिया बोर्ड का मुख्यालय बनाया जाय।
2. देवघर के बढ़ते फलक और भविष्य में औद्योगिक सहित अन्य क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति की बढ़ती मांगों को देखते हुए देवघर में विद्युत आपूर्ति के लिए डीवीसी एवं अन्य प्राइवेट पावर सप्लायर को विद्युत आपूर्ति करने का लाइसेंस दिया जाय।
3. 11 KV और 33 KV कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं की गुणवत्तापूर्ण बजली आपूर्ति व्यवस्था में पूर्णरूपेण सुधार की योजना।
4. 33 KV कनेक्शन के उपभोक्ता सीमित संख्या में हैं, अतः प्रत्येक उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति और शट डाउन की सूचना नियमित हो। अव्यवस्था से उपभोक्ता बुरी तरह प्रभावित हैं, अतः स्थायी समाधान पर विचार।
5. मोहनपुर फीडर में स्थित राइस मिलों के विद्युत कनेक्शन और ट्रान्सफरमर में सुधार।
6. जसीडीह औद्योगिक क्षेत्र में अंडरग्राउंड केबलिंग एवं स्ट्रीट लाइट नहीं जलने की समस्या।
7. सहायक अभियंता, जसीडीह को वहां से हटाया जाय। काफी लंबे समय से वहां जमे हैं और उपभोक्ताओं को उनसे कई शिकायतें हैं।
8. अंडरग्राउंड केबलिंग के बावजूद बिजली वितरण व्यवस्था नहीं सुधरने के पीछे का कारण एवं विवेचना।
9. श्रावणी मेला के लिए मेन्टेनेंस के नाम पर अनियमित बिजली आपूर्ति में सुधार। मेन्टेनेंस कार्य योजना सार्वजनिक हो ताकि लोग भिज्ञ हों तथा मेन्टेनेंस कार्य में पूरे इलाके की बिजली न काट कर जम्फर का उपयोग कर छोटे–छोटे क्षेत्रों में लाइन कट कर मेन्टेनेंस कार्य हो।
10. 400 यूनिट से ऊपर की बिलिंग में सब्सिडी खत्म करने की घोषणा वापस हो। इससे पूर्व विद्युत नियामक आयोग से सहमति लिया जाना चाहिए।
11. बिजली बिलिंग व्यवस्था में सुधार तथा एरियर भुगतान दिखाने में अनियमितता। एक नियत तिथि निर्धारित कर प्रत्येक महीने उसी तिथि पर बिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित हो।
12. झौंसागढ़ी समेत शहर में कई स्थानों पर अंडरग्राउंड केबलिंग के कंट्रोल पैनल झुके हुए हैं, भौतिक सत्यापन के साथ ठीक किया जाय।
13. जिला विद्युत सलाहकार समिति का गठन और बेहतर मोनिटरिंग के लिए उसकी नियमित बैठकें सुनिश्चित हो।
14. देवघर को वर्तमान में उपलब्ध की जाने वाली पावर के कोटा बेहतर संचरण व्यवस्था के साथ बढ़ाया जाय।

आलोक कुमार मल्लिक
अध्यक्ष

VICE PRESIDENT
UMESH RAJPAL
9431781598 | 7250784754

VICE PRESIDENT
SANJAY MALVIYA
9431134670 | 9576616022

VICE PRESIDENT
PIYUSH JAISWAL
9431163649 | 7717726102

JOINT SECRETARY
ANAND SAH
8521594569

TREASURER
DEEPAK SARAIYAN
9386651205

Correspondence Add. : Swarn Computer Press, Hanuman Tikri, Front of Jalsar Park, Deoghar - 814112 (Jharkhand)